आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

नये जमाने के साथ ...

यश भारत

● वर्ष- 15 अंक-128 कटनी ● गुरुवार, 10 जून, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष -15 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

कोरोना संक्रमित ससुर को पीठ पर लेकर 2 किलोमीटर चली बहू

गुवाहाटी। लोग बेटा-बेटियों के बीच आज भी फर्क समझते हैं कि बुढ़ापे में बेटा उनका सहारा बनेगा, लेकिन असम की एक तस्वीर ने इस सोच को बदल दी है। असम के नगांव की एक बहू कोरोना संक्रमित ससुर को पीठ पर उठाकर अस्पताल पहुंची हैं। लोग कह रहे हैं बहू हो तो निहारिका जैसी.. असम के नगांव की रहने वाली निहारिका दास समाज के लिए मिसाल पेश की। बेटे का फर्ज निभाकर वह आदर्श बहू बन गई हैं। सोशल मीडिया पर लोग कह रहे हैं कि बहू हो तो निहारिका दास जैसी, जिसने अपने कोरोना पॉजिटिव ससुर को पीठ पर उठाकर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाई है। वह भी दो किलोमीटर पैदल चलकर। इस दौरान लोग फोटो खींचते रहे, लेकिन मदद के लिए कोई आगे नहीं आया। गुवाहाटी निहारिका दास की फोटो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। इसमें वे अपने कोरोना पॉजिटिव ससुर को पीठ पर उठाए दिख रही हैं। निहारिका ससुर को पीठ पर उठाकर करीब 2 किमी चलीं।

साल का पहला सूर्यग्रहण शुरू हो गया। भारत के संदर्भ में यह इतना प्रभावशाली नहीं होगा। यहां ग्रहण का सूतक काल भी मान्य नहीं है। लेकिन आकाश में अद्भुत नजारा देखने को मिल सकता है।

कोरोना कम, पर मौत के आंकड़ों से दहशत

24 घंटे में 6148 मरीजों ने गंवाई जान

नई दिल्ली। देश में कोरोना की दूसरी लहर की रफ्तार भले ही धीमी हो रही हो लेकिन बीते 24 घंटे में कोरोना वायरस से हुई मौत के आंकड़े ने सभी को चौंका कर रख दिया है। लगातार तीसरे दिन कोरोना के दैनिक संक्रमित मामले तो एक लाख से कम आए हैं लेकिन बीते 24 घंटे में कोरोना से होने वाली मौत का आंकड़ा 6148 पर पहुंच गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक, देश में कोरोना के 94,052 नए मामले आने के बाद कुल पॉजिटिव मामलों की संख्या 2,91,83,121 हुई और एक दिन में 6,148 नई मौतों के बाद कुल मौतों की संख्या 3,59,676 हो गई है। 1,51,367 नए डिस्चार्ज के बाद कुल डिस्चार्ज की संख्या 2,76,55,493 हुई। देश में सक्रिय मामलों की कुल संख्या 11,67,952 है। बता दें कि कोरोना की दोनों लहरों में अबतक दैनिक मौत का आंकड़ा इतनी बड़ी संख्या में रिकॉर्ड नहीं किया गया है। बीते 24 घंटे में कोरोना से होने वाली मौतों ने अबतक के सभी रिकॉर्ड ध्वस्त कर

ध्वस्त हुए अब तक के सारे रिकॉर्ड

दिए हैं। एक ही दिन में कोरोना से 6148 मरीजों ने जान गंवाई है। हालांकि एक दिन में मौत का आंकड़ा इसलिए बढ़ा हुआ दिखाई दे रहा है क्योंकि इसमें बिहार ने अपने आंकड़े रिवाइज करके जोड़े हैं।

बिहार में कोरोना से होने वाली मौतों के आंकड़ों में हेरा-फेरी

बिहार की नीतीश सरकार माना है कि कोरोना से हुई मौतों के आंकड़ों में भारी गड़बड़ी हुई है। बिहार के स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने बुधवार को बताया कि अब तक मौतों का जो आंकड़ा 5424 बताया गया था, वो गलत है जबकि असली आंकड़ा 9375 (7 जून तक) है। अगर बिहार के मौत के आंकड़ों को दैनिक मौत के आंकड़ों में से हटा दिया जाए, तो राष्ट्रीय स्तर पर बीते 24 घंटे में 2248 मरीजों की मौत हुई है। सरकारी जांच में पता चला कि जिलों से मृतकों की, जो संख्या भेजी जा रही थी, उसमें बड़े पैमाने पर हेरा-फेरी की गई।

फटाफट खबरें

राहुल बोले-वैक्सीन के लिए सिर्फ ऑनलाइन रेजिस्ट्रेशन काफी नहीं

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार को सलाह दी है कि वैक्सीन के लिए सिर्फ ऑनलाइन रेजिस्ट्रेशन काफी नहीं है। वैक्सीन सेंटर पर वॉल्क-इन करने वाले हर व्यक्ति को टीका मिलना चाहिए। जीवन का अधिकार उनका भी है जिनके पास इंटरनेट नहीं है।

रामदेव बोले-जल्द लगवाएंगे वैक्सीन

हरिद्वार। बाबा रामदेव भी कोरोना वायरस की वैक्सीन लगवाएंगे। बाबा रामदेव ने सभी से टीका लगवाने की अपील की और कहा कि वह भी जल्द ही वैक्सीन लगवाएंगे। रामदेव ने लोगों से कहा कि योग कोरोना से होने वाली जटिलताओं से बचाता है। योग और आयुर्वेद का अभ्यास करें। बता दें कि बाबा ने कहा था कि दवा ही नहीं, टेस्ट और ऑपरेशन माफिया भी हैं, जो मरीजों को लूट रहे हैं।

गुस्से में सौतेली मां ने बेटे का प्राइवेट पार्ट जला दिया?

नासिक। महाराष्ट्र के नासिक से मां के प्रेम पर सवाल खड़े करने वाला और मन को झकझोरने वाला एक मामला सामने आया है। नासिक में एक सौतेली मां ने अपने दस साल के सौतेले बेटे का प्राइवेट पार्ट जला दिया। बता दें कि ये बच्चा दिव्यांग है और बच्चे की गलती बस इतनी थी कि उसने खेल-खेल में अपने छोटे सौतेले भाई बिस्तर से नीचे गिरा दिया था। यह मामला नासिक के डिंडोरी तालुका के एक गांव का है। हालांकि आरोपी महिला को उसके पति की शिकायत के आधार पर पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है।

3 संभाग के 13 जिलों में बारिश की संभावना

भोपाल। मध्य प्रदेश के 3 संभागों और 13 जिलों में मानसून से पहले बारिश की चेतावनी जारी की है। नागरिकों से अपील की गई है कि वह सावधान रहें पूर्वानुमान के अनुसार अपनी तैयारी करें। पिछले 24 घंटों में छिंदवाड़ा, भोपाल, जबलपुर, मंडला, नौगांव, कटनी टीकमगढ़ और शाजापुर में बारिश हो चुकी है।

महिला ने पांच बेटियों संग ट्रेन के सामने कूदकर की आत्महत्या

महासमुंद। छत्तीसगढ़ से बेहद एक दर्दनाक खबर सामने आई है, जहां पति से झगड़ा होने के बाद एक महिला ने अपनी पांच बेटियों संग चलती ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। महासमुंद जिले में एक महिला और उसकी पांच बेटियों के शव गुरुवार सुबह रेलवे ट्रैक पर मिले। पुलिस ने बताया कि सबसे बड़ी बेटी की उम्र 17 साल जबकि सबसे छोटी बेटी की उम्र 10 साल थी।महासमुंद जिले की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मेघा टेंभुरकर ने गुरुवार को यहां बताया कि जिले के महासमुंद और बेलसोंडा रेलवे क्रासिंग के मध्य बीती रात 45 वर्षीय उमा साहू और उनकी बेटियों अन्नपूर्णा, यशोदा, भूमिका, कुमकुम और तुलसी ने रेलगाड़ी के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली।टेंभुरकर ने बताया कि पुलिस को गुरुवार सुबह जब घटना की जानकारी मिली, तब घटनास्थल के लिए पुलिस दल रवाना किया गया तथा शवों को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। साहू परिवार जिले के बेमचा गांव का निवासी है। रात में महिला का पति के साथ विवाद हुआ और वह बच्चों के साथ वहां से निकल गई थी।

5 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए मास्क जरूरी नहीं

कोरोना संक्रमित बच्चों के इलाज के लिए गाइडलाइन जारी

नई दिल्ली। भारत सरकार ने कोरोना संक्रमित बच्चों के इलाज के लिए गाइडलाइन जारी कर दी है। स्वास्थ्य मंत्रालय के एक विभाग ने यह गाइडलाइन जारी की है। इसमें कहीं भी रेमडेसिविर इंजेक्शन का इस्तेमाल करने की सलाह नहीं दी गई है। इसके साथ ही विभाग ने सीटी स्कैन इमेजिंग का विवेकपूर्ण इस्तेमाल करने की सलाह दी है। गाइडलाइन में यह भी कहा गया है कि जिन मरीजों में लक्षण नहीं हैं या हल्के फुल्के लक्षण हैं उन मरीजों में स्टेरॉइड का इस्तेमाल हानिकारक है। विभाग ने साफ कहा है कि कोरोना के पूरे लक्षणों वाले मरीजों और अत्यंत गंभीर मरीजों को ही स्टोरॉइड दिए जाने चाहिए और इस दौरान मरीज की पूरे देखरेख की जानी चाहिए। स्वास्थ्य विभाग ने साफ कहा है कि स्टेरॉइड का इस्तेमाल सही समय पर सही मात्रा में सभी समयकाल के लिए होना चाहिए। मरीजों को किसी भी हालत में खुद से स्टेरॉइड नहीं लेना चाहिए।

बच्चों के लिए रेमडेसिविर की जरूरत नहीं

गाइडलाइन में यह भी साफ लिखा गया है कि रेमडेशिविर के इस्तेमाल की अनुमति महामारी से बने हालातों के बीच दी गई है। लेकिन बच्चों में इसके इस्तेमाल की जरूरत नहीं है। 18 साल से कम उम्र के बच्चों में रेमडेसिविर के इस्तेमाल को लेकर सुरक्षा और उपयोगिता से जुड़ा पर्याप्त डेटा मौजूद नहीं है।

सोच समझकर करें सीटी स्कैन

कोरोना मरीजों के फेंफड़े में संक्रमण की स्थिति का सटीक अनुमान लगाने के लिए सीटी स्कैन का उपयोग होता है। सरकार ने सोच समझकर इसका उपयोग करने की सलाह दी है। गाइडलाइन में कहा गया है कि ष्टज्ञ स्कैन से कई बार छाती के बारे में अतिरिक्त जानकारी भी मिलती है। इससे डॉक्टर के ट्रीटमेंट के तरीके में बदलाव आता है। इसी वजह से जरूरत पड़ने पर ही सीटी स्कैन का विवेकपूर्ण उपयोग होना चाहिए। कोरोना एक वायरल इन्फेक्शन है और एंटीमाइक्रोबियल्स का इस पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।यह मतलब नहीं है कि हमारा रिश्ता खत्म हो गया है।

मुंबई में भारी बारिश से मलाड में ढही चार मंजिला इमारत, 11 की मौत

मुंबई। भारी बारिश ने एक बार फिर कहर बरपाया है। मुंबई के मलाड वेस्ट इलाके में बीती रात करीब 11 बजे चार मंजिला रिहायशी इमारत ढह गई, जिसमें दबकर 11 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। इसके अलावा कई लोग मलबे के नीचे दब गए, जिन्हें बाहर निकालने का काम जारी है। इस घटना के लिए इमारत के मालिक और ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा। बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के एक अधिकारी ने बताया कि मलवनी इलाके में अब्दुल हमीद रोड के न्यू क्लेक्टर कम्पाउंड में बुधवार रात करीब सवा 11 बजे यह हादसा हुआ। दमकल विभाग और अन्य एजेंसियों के कर्मी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और बचाव एवं तलाश अभियान शुरू किया। उन्होंने बताया कि हादसे में आठ बच्चों और तीन व्यस्क लोगों की मौत हो गई है।

आज अनलॉक के साथ दो माह बाद भोपाल का बाजार होगा गुलजार

भोपाल। दो महीन बाद भोपाल के बाजार पूरी तरह से खुलने जा रहे हैं। हालांकि सिनेमा हॉल, स्विमिंग पूल, जिम और स्पा अभी नहीं खुलेंगे। रैली, प्रदर्शन और सामाजिक कार्यक्रमों पर भी प्रतिबंध रहेगा। दुकानें खोलने के साथ ही सरकार ने यह शर्त भी रखी है कि सिर्फ वही दुकानें खुल सकेंगी, जिनमें सभी कर्मचारियों को कोरोना का टीका लग चुका है। टीका लगाने के लिए बुधवार को बाजार खोले गए थे, लेकिन ग्राहकी की अनुमति नहीं थी। पूरा बाजार खुलने के बाद कोरोना संक्रमण से बचाव को लेकर चिकित्सा शिक्षा व भोपाल के प्रभारी मंत्री विश्वास सारंग ने कलेक्टर अविनाश लवानिया के साथ टीकाकरण केंद्रों का निरीक्षण किया। बाजार वाले क्षेत्रों में दुकानों पर स्टीकर चिपकवाए। उन्होंने कहा कि टीका लगवाओ, दुकान खुलवाओ नारे के साथ दुकान संचालक समेत सभी कर्मचारियों का टीकाकरण जरूरी है। लंबे समय बाद सैलून भी खुलने जा रहे हैं। इसमें शर्त यह रहेगी कि शारीरिक दूरी रखने के लिए बीच की कुर्सी खाली रखी जाएगी।

म्यांमार सेना का विमान हुआ क्रैश, 12 लोगों की मौत

नई दिल्ली। म्यांमार में सेना का एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में12 लोगों की मौत की खबर है। बताया जा रहा है कि विमान में 16 लोग सवार थे, लेकिन अभी 4 लोगों के बारे में कोई सूचना नहीं मिली है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मृतकों में वरिष्ठ सैन्य अधिकारी भी शामिल थे। ये विमान हादसा मांडले में हुआ। राहत और बचाव कार्यों के लिए दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंच चुकी है। सुरक्षाबल भी बड़ी संख्या में वहां पर मौजूद हैं।

सीधे वीडी के घर पहुंचे सिंधिया, निकल पड़ी चर्चा

भोपाल। भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता एवं राज्यसभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया भोपाल में आते ही सीधे प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विष्णु दत्त शर्मा के घर पहुंचे। इसी के साथ टीवी चैनलों पर ब्रेकिंग न्यूज़ और सोशल मीडिया पर डिस्कशन शुरू हो गया। लोग इस मुलाकात के अपने अपने मायने निकाल रहे हैं। इधर सिंधिया और शर्मा दोनों ने इसे व्यक्तिगत मुलाकात बताया है। ज्योतिरादित्य सिंधिया भोपाल में एयरपोर्ट से सीधे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विष्णु दत्त शर्मा के घर गए। यहां दोनों नेताओं के बीच क्लोज डोर मीटिंग हुई। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दोपहर का भोजन भी श्री विष्णु दत्त शर्मा के यहां किया। यहां से निकलने के बाद ज्योतिरादित्य सिंधिया सीधे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मिलने निकल गए।

श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि यह एक सामान्य मुलाकात है। इसे राजनीति के चश्मे से नहीं देखना चाहिए। मैं और वीडी शर्मा एक ही पृष्ठभूमि से हैं। हमारे निजी संबंध हैं। मेल मुलाकात से आपसी रिश्ते मजबूत होते हैं।

जब नेताओं का मिलाप होता है, तो कई बातों पर चर्चाएं होती हैं - वीडी शर्मा

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि हर मुलाकात को डिप्लोमैसी नहीं बताना चाहिए। यह रूटीन मुलाकात है। निगम मंडल और तमाम विषयों पर चर्चा वीडी शर्मा ने कहा कि जाहिर सी बात है, जब नेताओं का मिलाप होता है, तो कई बातों पर चर्चाएं होती हैं। बीजेपी में निर्णय सामूहिक होते हैं।

मेहुल को बड़ा झटका: डोमिनिका की सरकार ने घोषित किया अवैध अप्रवासी

रोसो। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) घोटाले का आरोपी और भगोड़ा कारोबारी मेहुल चोकसी को एक और बड़ा झटका लगा है। डोमिनिका की सरकार ने मेहुल चोकसी को अवैध अप्रवासी घोषित किया है। डोमिनिका के राष्ट्रीय सुरक्षा और गृह मामलों के मंत्री रेबर्न ब्लैकमूर ने पुलिस प्रमुख को आदेश जारी किया है कि चोकसी को देश से बाहर करने के लिए कानून के मुताबिक जल्द से जल्द कदम उठाए जाएं।जानकारी के मुताबिक, डोमिनिका प्रशासन ने इस आदेश को अदालत के सामने रखा। साथ ही अपील की कि मेहुल चोकसी की याचिकाएं खारिज कर उसे भारत भेज दिया जाए। सरकार का ये आदेश मेहुल चोकसी के लिए झटका है और साथ ही अगवा करने वाली थ्योरी पर भी चोट पहुंचाता है।भगोड़ा कारोबारी मेहुल चोकसी एंटीगुआ से लापता हो गया था। बाद में वह क्यूबा भागते वक्त रास्ते में ही डोमिनिका में पकड़ा गया। मेहुल चोकसी के पास एंटीगुआ की नागरिकता है। मेहुल चोकसी की करतूतों से परेशान एंटीगुआ की सरकार ने डोमिनिका से उसे सीधे भारत को सौंपने का अनुरोध किया था। लेकिन इससे पहले डोमिनिका की एक अदालत ने चोकसी के प्रत्यर्पण पर रोक लगा दी है। वहीं अब डोमिनिका सरकार के 25 मई के आदेश के बाद मेहुल के भारत आने का रास्ता साफ होता नजर आ रहा है।

इंटरनेट कॉलिंग से दी गई थी विमानों को हाइजैक करने की धमकी

भोपाल। मंगलवार शाम को राजा भोज एयरपोर्ट के मैनेजर को फोन कर भोपाल व इंदौर से एक घंटे के अंदर दो विमानों को हाइजैक कर पाकिस्तान ले जाने की धमकी दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने फोन नंबर के आधार पर शुजालपुर से उज्जवल जैन नाम के युवक को हिरासत में ले लिया था। जांच के दौरान पता चला कि उज्जवल के नंबर से एयरपोर्ट मैनेजर को फोन नहीं किया गया। आशंका है कि धमकी देने के लिए इंटरनेट कॉलिंग का इस्तेमाल किया गया। इस मामले में साइबर अपराधियों का हाथ होने का शक है।गौरतलब है कि मंगलवार शाम करीब पांच बजे अज्ञात व्यक्ति द्वारा एयरपोर्ट टर्मिनल मैनेजर धर्मराज वर्मा के पास धमकी भरा फोन आया था। इस मामले में पुलिस ने रात को शुजालपुर निवासी उज्जवल जैन को हिरासत में ले लिया था।

एचडीएफसी बैंक में 1.19 करोड़ की लूट

हाजीपुर। बिहार के वैशाली जिले के हाजीपुर स्थित एचडीएफसी बैंक की ब्रांच से 1.19 करोड़ रुपये लूट लिए गए। बताया जा रहा है कि इस वारदात को बाइक सवार पांच बदमाशों ने अंजाम दिया। वहीं, घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी असलहे लहराते हुए फरार हो गए। इस मामले की जानकारी मिलने के बाद शहर में हड़कंप मच गया। पुलिस ने नाकाबंदी करके आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, बैंक खुलने के कुछ देर बाद ही बदमाश ब्रांच में घुस गए। उन्होंने हथियारों के दम पर सभी कर्मचारियों को बंधक बना लिया और वारदात को अंजाम दिया। जांच में सामने आया है कि कुल पांच बदमाशों ने इस लूट को अंजाम दिया। जब आरोपी फरार हो गए तो मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। बताया जा रहा है कि इस सनसनीखेज वारदात के बाद एचडीएफसी बैंक की ब्रांच के मुख्य द्वार को बंद कर दिया गया है। साथ ही, मीडिया की एंट्री पर बैन लगा दिया गया है। पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि वारदात की सूचना के बाद से ही शहर में नाकेबंदी कर दी गई और आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस के मुताबिक, सीसीटीवी फुटेज से आरोपियों का हुलिया पता लग चुका है। उसके आधार पर जांच भी शुरू कर दी गई है। पुलिस का दावा है कि आरोपियों तक पहुंचने में जल्द ही कामयाबी मिल सकती है। बता दें कि इस वारदात के बाद इलाके में दहशत का माहौल है।

जनगणना का एक दशक: 139 करोड़ पर पहुंचा भारत, चीन के बाद दूसरे नंबर पर

नई दिल्ली। वर्तमान दौर में भारत की आबादी के संदर्भ में बात की जाए तो बिना किसी जनगणना के सटीक जनसंख्या का पता लगाना बेहद मुश्किल है। जनसंख्या वृद्धि दर संबंधी आंकड़ों पर नजर रखने वाली वेबसाइट वर्ल्डोमीटर के अनुसार 2021 में भारत की जनसंख्या लगभग 139 करोड़ हो चुकी है। वहीं, संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या के रिपोर्ट के अनुसार 2010 से 2019 के बीच भारत की आबादी की कुल वार्षिक वृद्धि दर 1.2 से बढ़कर 1.36 हुई है, जो की चीन की वार्षिक वृद्धि दर के मुकाबले दोगुनी है। इसके अनुसार, 2020 में भारत की आबादी लगभग 138 करोड़ होती है। हालांकि, 141 करोड़ आबादी के साथ चीन दुनिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश है। गौरतलब है कि देश में आखिरी बार जनगणना 2011 में हुई थी। इस जनगणना को एक दशक पूरा हो चुका है। इस एक दशक में देश में बहुत कुछ बदल गया है। 2011 की जनगणना के अंतिम आंकड़ों के मुताबिक, भारत की आबादी 1.21 अरब यानी 121 करोड़ है। यह जनसंख्या अमेरिका, इंडोनेशिया, ब्राजील, पाकिस्तान और बांग्लादेश जैस देशों की कुल आबादी से भी अधिक है।

दो चरणों में होती है जनगणना

देश में 2011 की जनगणना को दो चरणों में पूरा किया गया था। पहले चरण में अप्रैल 2010 से सितंबर 2010 के बीच देशभर में घरों की गिनती की गई थी। वहीं, दूसरे चरण में 09 फरवरी, 2011 से 28 फरवरी, 2011 तक चली। यह जनगणना किसी भी देश के विकास में मील का पत्थर होती है और नीति निर्धारण में अहम भूमिका निभाती है। देश में प्रत्येक 10 साल में एक बार जनगणना होती है। पिछली जनगणना के 10 वर्ष पूरे हो चुके हैं। 2021 में नई जनगणना होनी थी, लेकिन वैश्विक संक्रामक महमारी कोविड-19 के प्रकोप के कारण इसमें लगातार देरी हो रही है।

जनसंख्या में टॉप टेन राज्य

1 उत्तर प्रदेश 19.98 करोड़+
2 महाराष्ट्र 11.23 करोड़+
3 बिहार 10.40 करोड़+
4 पश्चिम बंगाल 9.12 करोड़+
5 मध्यप्रदेश 7.26 करोड़+
6 तमिलनाडु 7.21 करोड़+
7 राजस्थान 6.85 करोड़+
8 कर्नाटक 6.10 करोड़+
9 गुजरात 6.04 करोड़+
10 आंध्र प्रदेश 4.95 करोड़+

4862 को लगाई गई कोविड-19 वैक्सीन

कटनी। जिले में निर्धारित टीकाकरण केन्द्रों में कोविड-19 का वेक्सीनेशन कार्य किया गया। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि कटनी जिले में 9 जून को कुल 4862 लाभार्थियों का वेक्सीनेशन किया गया है। 45 वर्ष व उससे अधिक आयु के 544 व्यक्तियों को फर्स्ट डोज एवं 37लाभार्थियों को सेकेण्ड डोज का कोविड-19 का वेक्सीनेशन किया गया है। वहीं जिले में 18 से 44 आयुवर्ग के 4193 लाभार्थियों का वेक्सीनेशन किया गया है, जिसमें 4060 को कोविड-19 वेक्सीन का फर्स्ट डोज और 133 को सेकेण्ड डोज भी लगाया गया है। डोज तथा 33 को सेकेण्ड डोज का वेक्सीन लगाया गया है। इसके साथ ही 4 हेल्थकेयर वर्कर्स को सेकेण्ड डोज का टीका लगाया गया है। वहीं फ्रंटलाईन वर्कर्स में 2 को दूसरे डोज का वेक्सीनेशन किया गया है। इसी प्रकार सीनियर सिटिजन्स में 60 वर्ष व उससे अधिक आयु वर्ग के 49 लाभार्थियों को

आज 7 केन्द्रों पर हो रहा वैक्सीनेशन

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि कटनी अर्बन क्षेत्र में पुरानी कचहरी परिसर में टीकाकरण होगा। इसके साथ ही जिला अस्पताल अंतर्गत पुरानी कचहरी परिसर में को-वेक्सीन के दूसरे डोज का भी टीकाकरण किया जा रहा है। आज 10 जून को जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में भी निर्धारित केन्द्रों पर वेक्सीनेशन होगा। जिसमें सीएचसी बड़वारा, सीएचसी बहोरीबंद, सीएससी उमरियापान, पीएचसी कन्हवारा, सीएचसी रीठी, सिविल हॉस्पिटल विजयराघवगढ़ में भी कोविड-19 का वेक्सीनेशन किया जा रहा है। जिले में 9 जून को 18 से 44 आयु वर्ग लोगों के लिये वेक्सीनेशन 18 केन्द्र निर्धारित किये गये हैं। आज पुरानी कचहरी परिसर कटनी, रेल्वे स्कूल एनकेजे, सेवा भारती सरस्वती स्कूल दई बस्ती, तिलक कॉलेज, आयुध निर्माणी, सिविल अस्पताल विजयराघवगढ़, सीएचसी बड़वारा, सीएचसी बहोरीबंद, सीएचसी उमरियापान, पीएचसी कछारगांव, पीएचसी कन्हवारा, सीएचसी पहाड़ी, सीएचसी रीठी, सीएचसी बिलहरी, सिविल हॉस्पिटल विजयराघवगढ़, सीएचसी सिनगौड़ी, सीएचसी कैमोर, पीएचसी स्लीमनाबाद, पीएचसी तेवरी में भी 18 से 44 आयुवर्ग के लिये कोविड-19 वेक्सीनेशन किया जा रहा है। इसके लिये सभी स्लॉट बुक हो चुके हैं। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सिंघई ने कहा कि जिन लोगों ने 10 जून के लिये अपने स्लॉट ऑनलाईन बुक किये हैं।

आफत की बारिश,जलमग्न बस्ती

बारिश पूर्व इंतजाम की खुली पोल, नगर परिषद बरही की व्यवस्था की खुली कलई

कटनी। बारिश पूर्व पानी की निकासीए नालियों की सफाई के कड़े आदेशए निर्देश कलेक्टर द्वारा भले ही जारी किए जाते है, लेकिन धरातल पर माकूल इंतजाम न होने का खमियाजा जनता को ही झेलना पड़ता है। गुरुवार की सुबह हुई बरसात निचली बस्ती वालो के लिए आफत का सबब साबित हुई। मुहल्ले, बस्ती जलमग्न हो गई, जिससे नगर परिषद बरही की व्यवस्था का पोल खोल रहा यह दृश्य सामने है। जरा सी बारिश होते ही नगर के वार्ड क्रमांक 13 में रहने वाले भरत जाधव सहित आस-पास के रहवासी घरों में बरसात का पानी प्रवेश होने से लाचार एवं परेशान नजर आए। इनका पूरा परिवार सुबह से पानी से बचने का जतन करता रहा। बरसात अभी शुरू भी नही हुई है कि इसके पहले इंद्रदेव के ट्रेलर से नगर परिषद की व्यवस्था की कलई खुलती नजर आ रही है। समय रहते नही चेते तो होने वाली बरसात में नगर की कई बस्तियों को जलमग्न की समस्या से जूझना पड़ेगा।

गोंडवाना सामाजिक उत्थान समिति ने मनाई बिरसा मुंडा जयंती

कटनी। अमर शहीद, उलगुलान, आन्दोलन के जननायक, क्रान्ति के प्रणेता, आदिवासियों के जननायक धरती आबा क्रांतिसूर्य भगवान बिरसा मुंडा के शहादत दिवस पर गोंडवाना सामाजिक उत्थान समिति कटनी ने कोरोना संक्रमण को ध्यान में रखते हुये सीमित संख्या में बिरसा मुण्डा बलिदान दिवस मनाया, साथ ही उनके बताए गए मार्ग पर चलने तथा अपने हक अधिकार के लिए समाज में चेतना जगाते रहने के लिए आवाज बुलंद किए, जिस प्रकार उनके महामानव बिरसा मुण्डा प्रेम पूर्वक, आदरभाव से अपने समाज के हक अधिकार की बात अंग्रेजी प्रशासन के सामने रखते थे, उनसे प्रेरणा लेते रहेंगे।

ग्रीष्मकालीन फसल मूंग एवं उड़द के पंजीयन के लिये 49 केन्द्र स्थापित

16 जून तक किसान करा सकते हैं अपना पंजीयन

कटनी। जिला आपूर्ति अधिकारी पी.के. श्रीवास्तव ने बताया कि जिले में ग्रीष्मकालीन फसल मूंग एवं उड़द के पंजीयन के लिये तहसीलवार 49 पंजीयन केन्द्र स्थापित किये गये हैं। इन केन्द्रों के माध्यम से जिले के कृषक अपना पंजीयन 16 जून तक करा सकेंगे। वर्ष 201-22 के लिये ग्रीष्मकालीन मूंग का समर्थन मूल्य 7196 रुपये प्रति क्विंटल एवं उड़द के लिये 6000 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। इस संबंध में जिले के किसान भाईयों से अपील की गई है कि वे अपनी सुविधा अनुसार किसी भी पंजीयन केन्द्र में अपनी ग्रीष्म कालीन फसल मूंग एवं उड़द का पंजीयन समयावधि में करा लें। पंजीयन के लिये आवश्यक दस्तावेजों में कृषक की समग्र आईडी, आधार कार्ड, बैंक पासबुक (राष्ट्रीयकृत एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंकों के एकल खाते ही मान्य होंगे, जनधन, ऋण, नाबालिग व बंद एवं अस्थाई रुप से रोके गये खाते पंजीयन में मान्य नहीं होंगे), मोबाईल नंबर, ऋण पुस्तिका, वनाधिकार पट्टाधारी या सिकमीदार किसानों को वन पट्टे एवं सिकमी अनुबंध की प्रति उपलब्ध करा सकते हैं। कटनी तहसील अंतर्गत निर्धारित पंजीयन केन्द्रों में सहकारी विपणन संस्था मर्यादित कटनी, प्राथमिक कृषि साख समिति कन्हवारा, प्राथमिक कृषि साख समिति पहाड़ी, प्राथमिक कृषिसाख सहकारी समिति चाका, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति हीरापुर कौडिया शामिल हैं। इसी प्रकार ढ़ीमरखेड़ा तहसील अंतर्गत प्राथमिक कृषि साख समिति पानउमरिया, प्राथमिक कृषि साख समिति खमतरा, प्राथमिक कृषि साख समिति ढीमरखेड़ा, प्राथमिक कृषि साख समिति दशरमन, प्राथमिक कृषि साख समिति सिलोड़ी, प्राथमिक कृषि साख समिति झिन्ना पिपरिया, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति देवरीमंगेला, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मुरवारी, विपणन सहकारी समिति

उमरियापान में पंजीयन कराया जा सकता है। बड़वारा तहसील के अंतर्गत प्राथमिक कृषि साख समिति बड़वारा, प्राथमिक कृषि साख समिति विलायतकला, प्राथमिक कृषि साख समिति अमाड़ी, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति नन्हवारा (सेझा), बरही तहसील अंतर्गत् प्राथमिक कृषि साख समिति बरही, प्राथमिक कृषि साख समिति पिपरिया कला, बहोरीबंद तहसील में प्राथमिक कृषि साख समिति कोड़ीया, प्राथमिक कृषि साख समिति बहोरीबंद, प्राथमिक कृषि साख समिति कुआं, प्राथमिक कृषि साख समिति कूड़न, प्राथमिक कृषि साख समिति बाकल, प्राथमिक कृषि साख समिति सिहुड़ी, प्राथमिक कृषि साख समिति बराही, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति इमलिया, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति चाँदनखेडा, प्राथमिक कृषि साख समिति देवरीखरगवां में पंजीयन केन्द्र निर्धारित किये गये हैं। वहीं रीठी तहसील में प्राथमिक कृषि साख समिति रीठी, प्राथमिक कृषि साख समिति बिलहरी, प्राथमिक कृषि साख समिति बड़गांव, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति तिलगवां, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति देवगांव, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति रैपुरा, और विजयराघवगढ तहसील में प्राथमिक कृषि साख समिति उबरा, प्राथमिक कृषि साख समिति सिंगोड़ी, प्राथमिक कृषि साख समिति विजयराघवगढ़, प्राथमिक कृषि साख समिति देवराकला, प्राथमिक कृषि साख समिति जिवारा, प्राथमिक कृषि साख समिति नन्हवारा, प्राथमिक कृषि साख समिति कारीतलाई, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति सलैया कोहारी, स्लीमनाबाद तहसील में प्राथमिक कृषि साख समिति तेवरी, प्राथमिक कृषि साख समिति सलीमनावाद, प्राथमिक कृषि साख समिति पड़रभटा, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति धरवारा, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति धूरी में पंजीयन केन्द्र स्थापित किये गये हैं।

जिला कार्यालय में हुआ नवनियुक्त प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों का स्वागत

भाजपा प्रदेश नेतृत्व विष्णुदत्त शर्मा ने बढ़ाया कटनी का मान

कटनी। भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों का स्वागत भाजपा जिला कार्यालय में किया गया। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने जिले को अपनी टीम में उल्लेखनीय तरजीह देकर जिले का गौरव बढ़ाया है। इन नियुक्तियों से निश्चित रूप से संगठन के कार्यों को और अधिक गति मिलेगी। नवनियुक्त सदस्यों ने कहा कि सेवा ही संगठन के सिद्धांत में हम सभी और अधिक ऊर्जा से कार्य करेंगे। नवनियुक्त प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजय सत्येंद्र पाठक, श्रीमती अलका जैन, पीताम्बर टोपनानी, शशांक श्रीवास्तव एवं श्रीमती ममता पटेल को शुभकामनाएं देते हुए भाजपा नेताओं ने कहा कि आशा है कि समस्त प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अपने दायित्व के अनुसार संगठन की नीति रीति को और अधिक विस्तारित करेंगे। संगठन के निरंतर चलते सेवा के कार्यों में गति प्रदान करेंगे। इस अवसर पर हरिशंकर गर्ग, अश्वनी गौतम, अर्पित पोद्दार, चेतन हिंदुजा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष मृदुल द्विवेदी, श्रीमती भावना सिंह, जोधाराम जयसिंघानी, दीपक तिवारी, रेशु टुड़हा, अमित शर्मा आदि उपस्थित थे।

कलेक्टर्स को अधिकार मिलने से दूर होंगी नागरिकता सम्बंधित समस्याएं

सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया महिला शाखा ने जताया केंद्र सरकार का आभार

कटनी। नागरिकता सम्बंधित समस्याओं के तत्काल निदान अब कलेक्टर कर सकेंगे। केंद्र सरकार ने पाकिस्तान सिंध से आये हिन्दू धर्मावलंबियों तथा अभी भी वहां की नागरिकता के साथ रह रहे अनेक परिवारों को विभिन्न परेशानियों को उठाना पड़ता है। सम्बंधित किसी भी औपचारिकता अथवा समस्याओं को निपटाने के लिए जिले के कलेक्टर को अधिकार दिए हैं। यह अधिकार प्राप्त होने से स्थानीय स्तर पर ही तमाम समस्या आसानी से निपट सकेंगी। मीडिया प्रभारी उषा पमनानी ने बताया कि काउंसिल की कटनी महिला विंग की अध्यक्ष नीलम जगवानी, सोनिया बत्रा ने सिंधी काउंसिल आफ इंडिया महिला शाखा कटनी की ओर केंद्रीय गृह मंत्रालय को इस निर्णय पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह ऐतिहासिक निर्णय है, जिसका इंतजार आजादी के बाद से ही सैकड़ों परिवार कर रहे थे। विशेष तौर पर सिंध पाकिस्तान से आए हिंदू धर्मावलंबियों की नागरिकता संबंधी समस्या दूर करने के लिए अक्सर विविध दस्तावेज ओपचारिकता पूरी करने में कठिनाई होती थी। ऐसी तमाम परेशानी का अब हल होगा। इससे पहले ऐसे परिवारों को राजधानी के चक्कर काटना पड़ते थे। निर्णय पर कटनी महिला विंग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर सिंधी कौंसिल ऑफ इंडिया संस्थापक सुरेश केसवानी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहनदास लधानी, राष्ट्रीय महासचिव चन्दर लालचंदानी, सांसद शंकर लालवानी का आभार व्यक्त किया है। इसी के साथ उस मांग का भी समर्थन किया है, जिसमें भारत में प्रमुख नदियों के किनारे सिंधी तीर्थ बनाने की मांग सिंधी सेंट्रल काउंसिल ने गत दिवस रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात के दौरान रखी। काउंसिल की कटनी महिला विंग ने कहा कि भारत मे सिंधी तीर्थ बनने से न सिर्फ देश वरन दुनिया मे सिंधी संस्क्रति को लोग समझ सकेंगे। दुनिया की इस प्राचीन सभ्यता का अनुसरण सम्भव होगा।

एसडीएम ने होटल संचालकों की ली बैठक

वेक्सीनेशन के लिये किया प्रेरित, शासन द्वारा जारी गाइडलाइन की दी जाकारी

कटनी। एसडीएम कटनी बलबीर रमन ने नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत संचालित होटल संचालकों की मीटिंग ली। इस दौरान उन्होंने वेक्सीनेशन के प्रति जनजागरुकता लाने और वेक्सीनेशन से जुड़े भ्रमों को दूर कर टीका लगवाने की अपील की। उन्होंने कहा कि वेक्सीनेशन कराकर आप स्वयं कोविड से होने वाले गंभीर खतरों से अपनी सुरक्षा कर सकते हैं। वहीं श्री रमन ने होटल संचालकों को अपने अधीनस्थ स्टाफका भी वेक्सीनेशन कराने की बात कही। बैठक में एसडीएम ने गृह विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी गाईड लाईन के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी, साथ ही उनका पालन सुनिश्चित करने की समझाईश भी संचालकों को बैठक में उन्होने दी। इस दौरान सीएसपी शशिकांत शुक्ला सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे। वहीं एसडीएम श्री रमन ने जनपद पंचायत रीठी के ग्राम अमगवां भी पहुंचे। जहां पर उन्हेने 10 जून को ग्राम में आयोजित होने वाले मेगा वेक्सीनेशन केम्प की तैयारियों का जायजा लिया। एसडीएम रमन ने कहा कि आने वाले ग्रामीणों के बैठने और सोशल डिस्टेंस के साथ टीका लगवाने की व्यवस्था हो। साथ ही अमगवां सहित आसपास के गांव में भी प्रचार प्रसार कर लोगों को टीका लगवाने प्रेरित करें। बीएमओ ने बताया कि टीकाकरण सुबह 8 बजे से पंचायत भवन शुरू होगा। इस दौरान ग्राम अमगवां में तहसीलदार राजेश पाण्डेय, सीईओ जनपद प्रदीप सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

अनलॉकः संक्रमण पर नियंत्रण के लिए दौड़ रहे कोरोना विनाशक रथ

कटनी। कोरोना कर्फ्यू अनलॉक के दौरान बाजार में बढनें वाली भीड को दृष्टिगत रखते हुए संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण हेतु निरंतर सोडियम हाईपोक्लोराइड का छिडकाव करानें की कार्यवाही की जाकर स्थलों को विसंक्रमित रखनें के प्रयास किये जा रहे है। सैनेटाईजेशन प्रभारी अभिषेक बघेल नें जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के तहत आज निगम के कोरोना विनाशक रथों के माध्यम से रोशन नगर स्थित दुर्गा आटा चक्की के पास, एन.के.जे थाना के पीछे गोलू होटल के पास, तिलक कॉलेज रोड स्थित उपस्वास्थ्य केन्द्र परिसर, दुर्गा चौक खिरहनी आंगनबाडी केन्द्र परिसर एवं आसपास के स्थलों, राहुल बाग के विभिन्न स्थलों एवं गहोई कॉलोनी की विभिन्न गलियों के रहवासी स्थलों में कोरोना विनाशक रथों के जैटर पंप के माध्यम से सोडियम हाईपोक्लोराईड के घोल का छिडकाव किया जाकर स्थलों को विसंक्रमित किया गया। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे नें बताया कि नगर की सफाई व्यवस्था के साथ -साथ संक्रमण से प्रसार पर नियंत्रण हेतु जिला प्रशासन के निर्देशन में निगम प्रशासन द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहे है। अनलॉक के दौरान बाजार क्षेत्रों में बढनें वाली भीड एवं संक्रमण से बचाव हेतु आपनें नागरिकों से मास्क का उपयोग करनें, एवं सामाजिक दूरी का पालन करनें एवं अपने घरों के आस पास सफाई बनाये रखनें की अपील की है।

यश भारत

सिटी न्यूज

कटनी,गुरूवार, 10 जून 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

बरगद के पेड़ की पूजा कर सुहागन

महिलाओं ने की अखंड सौभाग्य की कामना

सौभाग्य के व्रत वट सावित्री की शहर भर में रही धूम

कटनी। वट सावित्री व्रत ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि को किया जाता है। इस साल वट सावित्री व्रत आज 10 जून दिन गुरुवार को पूरी विधि-विधान से रखा गया। आज सुहागन महिलाओं ने अपने सुहाग के लिए व्रत रखा और पूरे 16 श्रृंगार कर बरगद के पेड़ की पूजा करने पहुंची। ऐसा पति की लंबी आयु की कामना के लिए किया जाता है। पौराणिक कथा के अनुसार इस दिन ही सावित्री ने अपने दृढ़ संकल्प और श्रद्धा से यमराज द्वारा अपने मृत पति सत्यवान के प्राण वापस पाए थे। इस दिन पूजा के दौरान वट सावित्री व्रत की कथा का श्रवण किया जाता है। इस दिन विवाहित औरतें वट वृक्ष की पूजा करती हैं। इस पूजा का मुख्य उद्देश्य अपने पति की लंबी उम्र की कामना करना और अपने वैवाहिक जीवन को सुखमय बनाना होता है। वट सावित्री व्रत सौभाग्य प्राप्ति के लिए एक बड़ा व्रत माना जाता है।

यमराज से पति के प्राण वापस ले आई थी सावित्री

प्रसिद्ध तत्वज्ञानी अश्वपति भद्र देश के राजा थे। उनको संतान सुख नहीं प्राप्त था। इसके लिए उन्होंने 18 वर्ष तक कठोर तपस्या की, जिसके उपरांत सावित्री देवी ने कन्या प्राप्ति का वरदान दिया। इस वजह से जन्म लेने के बाद कन्या का नाम सावित्री रखा गया। कन्या बड़ी होकर बहुत ही रूपवान हुई। योग्य वर न मिलने की वजह से राजा दुखी रहते थे। राजा ने कन्या को खुद वर खोजने के लिए भेजा। जंगल में उसकी मुलाकात सत्यवान से हुई। द्युमत्सेन के पुत्र सत्यवान को पतिरूप में स्वीकार कर लिया। इस घटना की जानकारी के बाद ऋषि नारद जी ने अश्वपति से सत्यवान की अल्पआयु के बारे में बताया। माता-पिता ने बहुत समझाया परन्तु सावित्री अपने धर्म से नहीं डिगी। जिनके जिद्द के आगे राजा को झुकना पड़ा। सावित्री और सत्यवान का विवाह हो गया। सत्यवान बड़े गुणवान, धर्मात्मा और बलवान थे। वे अपने माता-पिता का पूरा ख्याल रखते थे। सावित्री राजमहल छोड़कर जंगल की कुटिया में आ गई थीं, उन्होंने वस्त्राभूषणों का त्यागकर अपने अन्धे सास-ससुर की सेवा करती रहती थी। सत्यवान की मृत्यु का दिन निकट आ गया। नारद ने सावित्री को पहले ही सत्यवान की मृत्यु के दिन के बारे में बता दिया था। समय नजदीक आने से सावित्री अधीर होने लगीं। उन्होंने तीन दिन पहले से ही उपवास शुरू कर दिया। नारद मुनि के कहने पर पितरों का पूजन किया। प्रत्येक दिन की तरह सत्यवान भोजन बनाने के लिए जंगल में लकड़ियां काटने जाने लगे तो सावित्री उनके साथ गईं। वह सत्यवान के महाप्रयाण का दिन था। सत्यवान लकड़ी काटने पेड़ पर चढ़े लेकिन सिर चकराने की वजह से नीचे उतर आये। सावित्री पति का सिर अपनी गोद में रखकर उन्हें सहलाने लगीं। तभी यमराज आते दिखे जो सत्यवान के प्राण लेकर जाने लगे। सावित्री भी यमराज के पीछे-पीछे जाने लगीं। उन्होंने बहुत मना किया परंतु सावित्री ने कहा जहां मेरे पतिदेव जाते हैं, वहां मुझे जाना ही चाहिये। बार-बार मना करने के बाद भी सावित्री पीछे-पीछे चलती रहीं। सावित्री की निष्ठा और पतिपरायणता को देखकर यम ने एक-एक करके वरदान में सावित्री के अन्धे सास-ससुर को आंखें दीं, उनका खोया हुआ राज्य दिया और सावित्री को लौटने के लिए कहा। वह लौटती कैसे सावित्री के प्राण तो यमराज लिये जा रहे थे। यमराज ने फिर कहा कि सत्यवान को छोड़कर चाहे जो मांगना चाहे मांग सकती हो, इस पर सावित्री ने 100 संतानों और सौभाग्यवती का वरदान मांगा। यम ने बिना विचारे प्रसन्न होकर तथास्तु बोल दिया। वचनबद्ध यमराज आगे बढ़ने लगे। सावित्री ने कहा कि प्रभु मैं एक पतिव्रता पत्नी हूं और आपने मुझे पुत्रवती होने का आशीर्वाद दिया है। यह सुनकर यमराज को सत्यवान के प्राण छोड़ने पड़े। सावित्री उसी वट वृक्ष के पास आ गईं, जहां उसके पति का मृत शरीर पड़ा था। सत्यवान जीवित हो गए, माता-पिता को दिव्य ज्योति प्राप्त हो गई और उनका राज्य भी वापस मिल गया। इस प्रकार सावित्री-सत्यवान चिरकाल तक राज्य सुख भोगते रहे। अतः पतिव्रता सावित्री की तरह ही अपने सास-ससुर का उचित पूजन करने के साथ ही अन्य विधियों को प्रारंभ करें। वट सावित्री व्रत करने और इस कथा को सुनने से व्रत रखने वाले के वैवाहिक जीवन के सभी संकट टल जाते हैं।

ओवरलोड वाहनों से जर्जर हुआ पुल

कटनी। तहसलील क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम सिमरिया से ठिर्री तक पूर्व में सड़क निर्माण का कार्य प्रधानमंत्री ग्राम सड़क परियोजना के तहत करवाया गया था। सिमरिया और ठिर्री ग्राम के बीच में ब्रिज का निर्माण भी हुआ था। क्षेत्र में हुई बेमौसम बरसात के बाद ब्रिज के दोनों हिस्सों धसाव होने लगा है। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में सड़क में बड़े वाहन नहीं निकलते थे, लेकिन खरीदी केन्द्र बनने के बाद यहां हैवी वाहनों का निकलना भी चालू हो गया है। भारी वाहन निकलने और क्षेत्र में अचानक हुई बारिश के बाद पुल के दोनों ओर धसाव चालू हो गया है। कुछ दिनों पूर्व रात में दो पहिया वाहन चालक भी दुर्घटना का शिकार हो गए।

बाइक से शराब की तस्करी करते युवक गिरफ्तार

हरतला मेन रोड में बरही पुलिस की कार्रवाई, 60 लीटर शराब जप्त

कटनी। बरही पुलिस ने हरतला मेनरोड पर दबिश देकर मोटर सायकल से देशी महुआ शराब की तस्करी कर रहे एक 32 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 60 लीटर देशी महुआ शराब बरामद की गई है। आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। बरही थाना प्रभारी संदीप अयाची ने बताया कि मुखबिरों द्वारा बताया गया की ग्राम हरतला मेन रोड के पास एक युवक मोटर सायकल में अवैध रूप से देशी कच्ची महुआ शराब लेकर बरही की तरफ आ रहे है। मुखबिरों की इस सूचना की तस्दीक करने पुलिस ने घेराबंदी की तो ग्राम हदरहटा निवासी 32 वर्षीय राम सिंह पिता हेतराम सिंह गौड़ मोटर सायकल से शराब की तस्करी करते पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने राम सिंह के पास से मोटर सायकल क्रमांक एम.पी.21एमएम-0724 में बांध कर रहे गए बोरा के अंदर से चार गुम्मो में भरकर रखी गई 60 लीटर देशी महुआ शराब बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से मोटर सायकल व शराब बरामद करते हुए उसके विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा के दिशा निर्देश व विजयराघवगढ़ एसडीओपी शिखा सोनी के मार्गदर्शन में शराब तस्कर रामसिंह गौड़ को गिरफ्तार करने में बरही थाना प्रभारी संदीप अयाची, प्रधान आरक्षक जयराम साकेत, आरक्षक संजय सिंह व अखिलेश गर्ग की भूमिका रही।

कैमोर, विजयराघवगढ़ में अभी भी 6 बजे बंद हो रही दुकानें

कैमोर। कोरोना महामारी के समय प्रशासन द्वारा दुकानें खुलने का समय सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक किया गया था। यह व्यवस्था कटनी जिला मुख्यालय सहित जिले के तीनों नगरीय छेत्र कैमोर, विजयराघवगढ़ एवं बरही में भी लागू थी। कोरोना मामलों की संख्या में लगातार गिरावट के बाद कटनी के व्यापारियों के आग्रह पर कटनी में दुकानों का समय बढ़ाकर सुबह 8 से शाम 8 बजे तक कर दिया गया पर कैमोर, विजयराघवगढ़ एवं बरही में दुकानों का समय अभी भी 6 से 8 बजे तक ही है। यहां के व्यापारियों का कहना है कि जब कटनी में दुकानों का समय बढ़ा दिया गया है तो इसका लाभ नगर परिषद क्षेत्र के व्यापारियों को भी मिलना चाहिए।

क्राइसिस मैनेजमेंट की बैठक होगी तब बदलेगा टाइम

व्यापारी प्रशासन से समय 8 से 8 बजे तक किये जाने की मांग भी कर रहे पर प्रशासन उनकी इस मांग पर विचार करने के बजाये समय के बाद या पहले दुकानें खुली पाई जाने पर चलानी कार्रवाई कर रहा। बताया गया कि कैमोर, विजयराघवगढ़ में शाम को 6 बजते ही पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम गश्त पर निकल पड़ती है, जहां भी दुकानें खुली मिली तत्काल चालान कट जाता है। कल शाम विजयराघवगढ़ के संकट मोचन चौराहा छेत्र में 6 बजे के बाद दुकान खुली पाई जाने पर तहसीलदार के नेतृत्व में पहुंची टीम ने दो हजार का चालान काट दिया। व्यापारी फरियाद करता रहा पर अधिकारियों ने उसकी एक भी नहीं सुनी। इसी तरह आज गुरुवार की सुबह भी विजयराघवगढ़ में तहसीलदार की टीम ने घूम -घूम कर पूरी दुकानें बंद करा दीं।यहां उल्लेखनीय है कि विजयराघवगढ़ में पिछले एक पखवाड़े से भी अधिक समय से कोरोना का एक भी केस नहीं मिला।अस्पताल और घरों में भी कोरोना मरीजों की संख्या शून्य है ऐसे में व्यापारियों पर प्रशासन की यह सख्ती गैर ज़रूरी लगती है।प्रशासन कोरोना गाइड लाइन का पालन करायेएमास्क नहीं पहनने अथवा सोशल डिस्टेंन्सिंग का पालन नहीं करने पर कार्रवाई करे पर दुकान खोलने पर तो थोड़ा राहत प्रदान करे। विजयराघवगढ़ जैसी स्थिति कैमोर और बरही में भी है। यहां भी शाम को 6 बजते ही सायरन बजाती पुलिस की गाड़ी सड़कों पर उतर जाती है। जहां तक कैमोर की बात है यह एक औद्योगिक नगर है। सुबह से मजदूर और कर्मचारी फैक्ट्रियों में काम करने निकल जाते हैं। दिन भर काम करके वे शाम 5-6 बजे तक ही घर लौट पाते हैं, वे किसी काम से जब तक बाज़ार पहुंचते हैं पूरी दुकानें बंद हो जाती हैं। यहां दुकानों का समय रात्रि 8 बजे तक किया जाना बेहद ज़रूरी है पर अधिकारियों की समझ में यह बात नहीं आ रही।व्यापारियों का कहना है कि कोरोना क्राइसिस में उन्होंने प्रशासन के निर्देशों का पालन करते हुए पूरा सहयोग किया है अब जब कैमोरएविजयराघवगढ़ सहित पूरे छेत्र में कोरोना संकट समाप्ति की ओर है तब प्रशासन भी व्यापारियों को थोड़ा राहत प्रदान करे।

एस डी एम बुलाये आपदा प्रबंधन ग्रुप की बैठक

तहसील और नगर परिषद क्षेत्रों के लिए विजयराघवगढ़ की एसडीएम प्रिया चन्द्रावत को इंसीसेन्ट कमांडर नियुक्त किया गया है। वे चाहें तो क्राइसिस मैनेजमेंट टीम की बैठक बुलाकर इस संबंध में निर्णय ले सकतीं हैं पर मैडम की मंशा अभी व्यापारियों को राहत प्रदान करने की नहीं दिखती इसीलिए अब तक उन्होंने क्राइसिस मैनेजमेंट की बैठक नहीं बुलाई। व्यापारियों ने एस डी एम का ध्यान इस ओर आकृष्ट करते हुए शीघ्र निर्णय लिए जाने का आग्रह किया है।

चिन्हित स्थलों में हो रहा मंडियों का संचालन

कटनी। निगम के गठित दल के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा रोजाना प्रातः से नगर के चिन्हित अस्थाई थोक एवं फुटकर सब्जी मंडी स्थलों से प्रोटोकाल के साथ व्यवसाय संपादित कराया जाकर संक्रमण को रोकनें के प्रयास किये जा रहे है। निगम का अतिक्रमण अमला मुस्तैदी से नगर के विभिन्न स्थलों का रोजाना भ्रमण कर अनाधिकृत स्थलों पर बैठकर व्यवसाय करनें वालों पर पाबंदी लगाकर उन्हे निर्धारित स्थलों में भेजने की कार्यवाही कर रहा है। अतिक्रमण दस्ते द्वारा आज प्रातः मिशन चौक से गांधी द्वार, सुभाष चौक, गोल बाजार, सिल्वर टॉकीज रोड, ज्वाला चक्की के पास, ओवहर ब्रिज के नीचे, शनि मंदिर के पास, सिल्वर टॉकीज मोड, जैन मंदिर रोड एवं बिलैया तलैया सब्जी मंडी का निरीक्षण किया जाकर सिल्वर टॉकीज के पास रोड के किनारे एवं बिलैया तलैया में खुली सब्जी की दुकानों को बंद करानें की कार्यवाही की गई। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन एवं नोडल अधिकारी अशफाक परवेज कुरैशी के निर्देशन में चिन्हित अस्थाई सब्जी मंडी स्थलों में प्रातः निर्धारित समय से अस्थाई मंडी परिसरों की आवश्यक व्यवस्थाओं को पूर्ण कराया जाकर उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा प्रोटोकाल के साथ स्थल पर व्यवसायिक गतिविधियों के संचालन की कार्यवाही की गई।

विभिन्न स्थलों में चला सफाई अभियान

कटनी। वर्षाकाल में नगर की सार्वजनिक सडकों में जलप्लावन की समस्या उत्पन्न न हो इस हेतु निगम प्रशासन द्वारा स्वच्छता दूतों की दलेल लगाई जाकर नगर के विभिन्न स्थलों के बडे एवं छोटे नाले-नालियों की सफाई का अभियान चलाया जा रहा है। कोरोना संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण हेतु कोरोना कर्फ्यू अनलॉक में नगर में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाकर नगर के विभिन्न व्यवसायिक स्थलों, बाजार क्षेत्रों, मुख्य मार्गो की सफाई का कार्य दो पालियों में कराया जाकर सोडियम हाईपोक्लोराईड का छिडकाव कर नगर को स्वच्छ एवं संक्रमण मुक्त रखनें के प्रयास निरंतर जारी है। प्रभारी स्वास्थ अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में रोजाना चलाये जा रहे सफाई अभियान के तहत विगत रात्रि नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के विभिन्न मार्गो की सफाई कराई जाकर कचरे के उठाव का कार्य किया गया। प्रातःकालीन सफाई व्यवस्था के माध्यम से नगर के चिन्हित विभिन्न सब्जी मंडी स्थलों सहित गल्ला मंडी पहुंच मार्ग, बस स्टेण्ड के विभिन्न क्षेत्रों, मिशन चौक, घंटाघर के आसपास, कावस जी वार्ड भट्टा मोहाल्ला, भीमराव चौक, विवेकानंद चौक, कावस जी वार्ड भट्टा मोहल्ला स्थित मलिन बस्ती शमशान के पास वाले सुलभ शौचालय, पन्ना मोड से सांई मंदिर तक मुख्य मार्ग के डिवाईडर की सफाई सहित नगर के अन्य स्थलों की सार्वजनिक सडकों की सफाई व डोर टू डोर कचरे के संग्रहण का कार्य कराया जाकर नगर को साफएवं संक्रमण मुक्त रखनें के प्रयास किये गए। वर्षा पूर्व नाले-नालियों की सफाई हेतु रोजाना चलाये जा रहे अभियान के तहत रधुनाथ गंज वार्ड स्थित ठाकुर साहब के घर से मोहन मेडिकल तक के बडे नाले, कावस जी वार्ड स्थित बारडोली कॉलेज के पीछे तथा सिद्धबाबा रोड मुखिया वंशकार के सामनें वाले नाले, माधवनगर मुख्य मार्ग स्थित सेवन इलेवन के सामनें स्थित बडे नाले की सफाई का कार्य स्वच्छता गेंग के माध्यम से कराया गया।

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

यदि आप तक समय पर
यश भारत
नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोनः- 230033

एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग
Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com
जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ
विशेषतायें
डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।

क्र.	पाठ्यक्रम	अवधि	शैक्षणिक अर्हता
1	बी.एस.सी. (नर्सिंग)	4 वर्ष	12 वीं (बायोलॉजी)
2	जी.एन.एम. (नर्सिंग)	3 वर्ष	12 वीं
3	पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग)	2 वर्ष	GNM उत्तीर्ण

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC
छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

लखनऊ के शातिर इंजीनियरिंग छात्रों ने कटनी के एटीएम में भी लगाई है सेंध !

जबलपुर पुलिस की जांच में खुलासा, पूछताछ करने कटनी पुलिस की टीम रवाना

कटनी। जबलपुर पुलिस की गिरफ्त में आए एनसीआर कम्पनी के एटीएम में छेड़छाड़ कर पैसे निकालने के तीन आरोपियों ने पहले कटनी तथा बाद में जबलपुर में वारदातों को अंजाम दिया था। जबलपुर पुलिस की पूछताछ में इस बात का खुलासा होने के बाद कटनी पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी के दिशा निर्देश व मार्गदर्शन में कटनी पुलिस की एक टीम भी आरोपियों से पूछताछ करने जबलपुर रवाना हो गई है। पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी के मुताबिक प्रारंभिक पूछताछ के बाद जरूरत पड़ने पर आरोपियों को रिमांड पर लेकर भी पूछताछ की जाएगी।

गौरतलब है कि जबलपुर पुलिस ने बीते दिनों नसीआर कम्पनी के एटीएम में छेड़छाड़ कर पैसे निकालने के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था। आरोपी लखनऊ की इंट्रीगल यूनिवर्सिटी में बीटेके के छात्र हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने मध्य प्रदेश समेत दिल्ली, राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, बिहार, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल समेत अन्य राज्यों में इस तरह की वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया है। आरोपियों के नाम उत्तर प्रदेश के कानपुर स्थित ग्राम सरसी निवासी विजय यादव, सर्वोदय नगर कानुपर निवासी गगन कटियार और डॉक्टर्स कॉलोनी वाराणसी निवासी अजीत सिंह बताए गए हैं। यह जानकारी

आरोपियों ने प्रदेश सहित अन्य राज्यों में निकाले थे लाखों रुपए

बुधवार को पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित पत्रकारवार्ता में एसपी सिद्धार्थ बहुगुणा ने दी थी। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने संजीवनी नगर थाना क्षेत्र में दो वारदातें कीं। उनके पास से कार क्रमांक यू.पी.32एफएस-4275, 65 हजार रुपए, पेंचकस सहित अन्य सामान बरामद हुआ है। आरोपी तीन वर्षों से एटीएम में छेड़छाड़ कर पैसे निकाल रहे थे। यह पहली बार है जब पुलिस ने उन्हें दबोचा।

पुलिस ने अन्य प्रदेशों को भी यह जानकारी भेज दी है। साथ ही कटनी पुलिस को भी इस संबंध में सूचित किया है। जिसके बाद कटनी पुलिस की एक टीम आरोपियों से पूछताछ करने जबलपुर रवाना हो गई है।

होटल सुकून में सुकून से रुके थे आरोपी

एसपी ने बताया कि आरोपी 31 मई की सुबह जबलपुर पहुंचे। यहां वे तिलवारा स्थित होटल सुकून में रुके। एक जून की सुबह तीनों कार से एनसीआर कम्पनी के एटीएम की तलाश में निकले। संजीवनी नगर में उन्हें दो एटीएम मिलेए जिससे उन्होंने पैसे निकाले।

एक आरोपी के खाते से हुआ 46 लाख रुपए का ट्रांजेक्शन

पुलिस टीम ने आरोपी विजय के बैंक खाते की जानकारी जुटाई तो पता चला कि उसके नाम पर तीन खाते हैं। वर्ष 2018 से अब तक एक खाते में 33 लाख, दूसरे में 12 लाख और तीसरे खाते में 96 हजार रुपए (कुल 45 लाख 96 हजार रुपए) का ट्रांजेक्शन हो चुका है। गिरफ्तारी से बचने के लिए वे कभी दोस्तों, कभी रिश्तेदारों और मजदूरों का एटीएम कार्ड 500 से एक हजार रुपए में किराए पर लेते थे।

इन वारदातों के बाद पकड़ में आया शातिर गिरोह

एक जून की सुबह लगभग सवा सात बजे विजय यादव गुलौआ चौक स्थित एसबीआई के एटीएम में पहुंचा। उसने पेंचकस से कैश बॉक्स खोलकर 77 हजार रुपए निकाल लिए। उसने गढ़ा बाजार स्थित एटीएम में छेड़छाड़ कर दस हजार रुपए निकाले थे।

पहले कटनी, फिर जबलपुर में वारदात

एसपी बहुगुणा के अनुसार आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वे यूनिवर्सिटी के छात्रावास में रहते हैं। पैसों की कमी के कारण उन्होंने यह अपराध शुरू किया। वे 30 मई को लखनऊ से गगन की कार से बनारस होते हुए रीवा और फिर कटनी पहुंचे। रास्ते में उन्हें कहीं भी एनसीआर कम्पनी का एटीएम नहीं मिला। 31 मई की रात कटनी में उन्हें एनसीआर कम्पनी के दो एटीएम मिले। अरोपी अजीत ने राजकुमार के एटीएम कार्ड, पेंचकस और चिमटी के जरिए 20 हजार रुपए निकाले। उसने दूसरे एटीएम से अजीत की पत्नी वैभवी सिंह के कार्ड से पैसे निकाले।

सीजन की खरीदारी के लिए 15 दिन बचे, लेफ्ट-राइट सिस्टम से व्यापारी परेशान, उठाना पड़ रहा आर्थिक नुकसान

व्यापारियों ने कहा : कई जिलों में हर रोज खुल रहीं दुकानें तो फिर कटनी जिले में क्यों नहीं लिया जा रहा निर्णय

संक्रमण में कमी तो हर दिन खुले पूरा बाजार

कटनी। प्रदेश की राजधानी भोपाल सहित कई जिलों में लॉकडाउन पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है। इन जिलों में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या में कमी आने के बाद अनलॉक को पूरी तरह से लागू करते हुए हर दिन पूरे समय बाजार खोलने के निर्देश जारी किए गए हैं, वहीं दूसरी तरफ कटनी जिले में पिछले एक सप्ताह से संक्रमण की दर 0.25 प्रतिशत से भी नीचे आ गई है और 10 में 3 दिन जीरो पॉजीटिव केस मिले हैं, इसके बावजूद यहां शहरी क्षेत्र में ऑड इवन सिस्टम के तहत सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक दुकानें खोलने का नियम लागू है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में तो सुबह 10 बजे से सायं 6 बजे तक ही दुकानें खुल रही हैं। इन सब स्थितियों के बीच शहर के व्यापारियों ने जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से अनलॉक के दौरान ऑड इवन सिस्टम पर पुर्नविचार करने एवं इसे समाप्त किए जाने की मांग की है। विदित हो कि कोरोना संक्रमण में कमी आने के बाद राज्य सरकार की गाइडलाइन का पालन करते हुए कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने जिला आपदा प्रबंधन समिति की बैठक में हुए निर्णय के तहत विगत 1 जून से कटनी जिले में अनलॉक की गाइडलाइन जारी की थी। अनलॉक के तहत पहले सुबह 10 बजे से सायं 6 बजे तक लेफ्ट राइट सिस्टम लागू किया गया था, इसके बाद इस निर्णय में संशोधन करते हुए दुकानें खोलने का समय सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक कर दिया गया था।

खरीददारी के लिए लोग हो रहे परेशान

थोक कपड़ा व्यवसायी मुरली गोदवानी ने कहा कि भोपाल, रीवा, सतना सहित कई जिलों में अब रोज दुकानें खुल रही हैं। समय भी पहले की तरह तय किया गया है लेकिन कटनी में ऐसा नहीं हो रहा है। कटनी जिला प्रदेश के उन जिलों में शामिल है, जहां संक्रमण पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया है। इसके बावजूद जिला प्रशासन अब तक अनलॉक को पूरी तरह से लागू करने पर विचार नहीं किया जा रहा है। व्यवसायी मुरली बजाज ने कहा कि अब शादी सहित अन्य मांगलिक कार्यों के सीजन के लिए कुछ ही दिन बाकी रह गए हैं। खरीदारी के लिए ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग शहर आ रहे हैं लेकिन लेफ्ट राइट सिस्टम होने की वजह से उन्हें परेशानी हो रही है। प्रशासन को अपने निर्णय में पुर्नविचार करना चाहिए।

व्यापारियों की परेशानियों को समझे प्रशासन

मेन रोड व्यापारी संघ के अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा कि व्यापारियों की परेशानियों को समझते हुए आपदा प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित करते हुए अनलॉक को पूरी तरह से लागू करने का निर्णय लिया जाना चाहिए। कपड़ा व्यापारी मगन जैन ने कहा कि लॉकडाउन के समय शहर के सभी व्यापारियों ने संक्रमण की रोकथाम के लिए प्रशासन का हर संभव सहयोग किया है, अब जबकि सीजन में व्यापार के लिए कुछ ही दिन बाकी रह गए हैं, तब जनप्रतिनिधियों के साथ ही प्रशासन को व्यापारियों के हित में निर्णय लेना चाहिए।

दूसरी किश्त के लिए महीनों से काट रहे थे चक्कर

कच्चे मकान तुड़वाकर शुरू किया था मकान का निर्माण पीएम आवास की राशि के अभाव में परेशान थे 45 हितग्राही

कटनी। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत दूसरी किश्त पाने के लिए पिछले कई महीने से परेशान हितग्राहियों को जल्द दूसरी किश्त की राशि जारी की जा रही है। हितग्राहियों की परेशानियों को लेकर विगत 2 जून को यशभारत में खबर प्रकाशित होने के बाद जनपद पंचायत रीठी के जिम्मेदार गहरी निद्रा से जागे और हितग्राहियों को दूसरी किश्त की राशि जारी करने के लिए डीएससी तैयार की है। बताया जाता है कि जनपद पंचायत से अगले दो-तीन में हितग्राहियों के बैंक खाते में किश्त जमा कर दी जाएगी। दूसरी किश्त की राशि मिलने के बाद हितग्राहियों का खुद आशियाने का सपना सच हो जाएगा। गौरतलब है कि जनपद पंचायत रीठी के अंतर्गत कई ग्राम के हितग्राही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत की दूसरी किस्त की राशि पाने के लिए ग्राम पंचायतों के महीनों से चक्कर लगाकर परेशान हो रहे थे। ऐसे करीब 45 से ज्यादा हितग्राही थे, जिन्होंने पीएम आवास योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन जमा किया था और उन्हें पहली किश्त भी जारी कर दी गई थी। पहली किश्त मिलने के बाद अधिकांश हितग्राहियों ने अपना कच्चा मकान तुड़वाकर नए मकान का सपना देखा था और पहली किस्त आने के बाद प्लेंथ लेबल का कार्य पूर्ण भी कर लिया था। लेकिन दूसरी किश्त नहीं मिलने की वजह से मकान का निर्माण अधर में लटक गया था। हितग्राही पंचायत के चक्कर काट-काट कर परेशान हो रहे थे। ग्राम पंचायत के कर्ताधर्ताओं द्वारा जिओटेग व दूसरी किश्त जारी करने के लिए एपीओ भी काट जा चुके थे। लेकिन इसके बावजूद दूसरी किश्त जारी नहीं की जा रही थी। हितग्राहियों द्वारा अपनी समस्या से यश भारत को अवगत कराया गया था। जिस पर 2 जून को इस खबर को प्रकाशित किया गया। खबर प्रकाशित होने के बाद जनपद पंचायत के अधिकारियों द्वारा दूसरी किश्त की राशि जारी करने की प्रक्रिया शुरू की गई।

यश भारत
खबर का असर

पीएम आवास की दूसरी किश्त के लिए भटक रहे हितग्राही

रीठी जनपद के कई गांवों में परेशान हो रहे हितग्राही

यशभारत की खबर के बाद जागे अधिकारी, डीएससी तैयार, 2-3 दिन में जारी होगी किश्त

इनका कहना है

पीएम आवास योजना के समन्वयक श्री पांडे ने बताया कि सभी 45 हितग्राहियों को पीएम आवास योजना की दूसरी किश्त की राशि जारी करने के लिए डीएससी तैयार की गई है। डीएससी जारी हो जाने के बाद अगले 2-3 दिन के अंदर जनपद से सभी 45 हितग्राहियों के खाते में दूसरी किश्त जारी कर दी जाएगी।

दूसरी लहर कमजोर पड़ी : 10 दिनों में 13 केस

आज मिला एक पॉजीटिव केस, एक मरीज को किया गया डिस्चार्ज

कटनी। कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर अब पूरी तरह से कमजोर पड़ गई है। संक्रमण अब पूरी तरह से काबू में है। अप्रैल-मई की तुलना में जून में संक्रमित मरीजों की संख्या में कमी देखने को मिल रही है। पिछले 10 दिनों में जिले में 13 मरीज संक्रमित मिले हैं। इसमे से तीन दिन जीरो पॉजीटिव केस मिले थे। सीएमएचओ जारी किए गए हेल्थ बुलेटिन के मुताबिक जिले में आज एक पॉजीटिव केस मिला है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि बीते 24 घंटे में सुप्राटेक की इंदौर लैब से मिली (आरटीपीसीआर) 603 सेम्पल की रिपोर्ट में एक भी पॉजीटिव केस नहीं मिला है, जबकि रेपिड एंटीजन टेस्ट की 611 सेम्पल की रिपोर्ट में एक पॉजीटिव केस मिला है। पिछले 24 घंटे में एक मरीज को डिस्चार्ज किया गया है। अब तक तक कुल संक्रमित मरीजों 9358 में से 9234 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। जिले में अब 15 एक्टिव केस हैं, जिसमे से 6 जिला चिकित्सालय एवं 9 मरीज होम आईसोलेशन में हैं। जिले में अब तक 140855 लोगों की जांच की जा चुकी है। जिसमे से 124978 लोगों की रिपोर्ट नेगेटिव आई है।

तालाब के किनारे खेत की मेड़ के नीचे छिपाकर रखी गई थी शराब

करहिया एवं रेपुराहार में भी दबिश

कटनी। जिले में अवैध शराब के संग्रहण, परिवहन, विक्रय एवं निर्माण की रोकथाम के लिये आबकारी विभाग द्वारा विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। जिला आबकारी अधिकारी अनिल जैन ने बताया कि आबकारी विभाग द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में कार्यवाही की गई है। आबकारी वृत्त बड़वारा और बहोरीबंद में की गई कार्यवाही के दौरान 3515 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त किया गया है, साथ ही 95 लीटर हाथ भट्टी मदिरा भी मौके से आबकारी दल द्वारा जप्त की गई है। सहायक जिला आबकारी अधिकारी ममता अहिरवार के नेतृत्व में आबकारी वृत्त बड़वारा द्वारा ग्राम सलैया, बरेला, बड़गांव धनवाही, सुतरी नदी के किनारे, ग्राम गढ़ोआ नाले में, ग्राम पिपरिया कला रेलवे स्टेशन के किनारे तथा बहिर घटा शासकीय भूमि रेलवे लाइन के किनारे में आबकारी उडनदस्ता बी टीम द्वारा 770 किलोग्राम महुआ तथा 25 लीटर अवैध हाथभट्टी मदिरा जप्त कर 8 न्यायालयीन प्रकरण मप्र आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34-1 क एवं च के तहत पंजीबद्ध किये गये। लहान तथा मदिरा की अनुमानित राशि लगभग 42 हजार 250 रूपये आंकी गई है।

आबकारी की दबिश, 3515 किलोग्राम महुआ लाहन व 95 लीटर अवैध मदिरा जप्त

इसी प्रकार सहायक जिला आबकारी अधिकारी जी पी केवट के नेतृत्व में आबकारी वृत्त बहोरीबंद द्वारा करहिया, रेपुराहार के तालाबों के किनारे झाड़ियों में खेत की मेड़ों पर पेड़ों के नीचे, कैमूरीहार वन विभाग के जंगल तथा ललितपुर, बूढ़ा ग्राम में आबकारी उडनदस्ता ए टीम द्वारा 2745 किलोग्राम महुआ तथा 70 लीटर अवैध हाथभट्टी मदिरा जप्त कर 7 न्यायालयीन प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क एवं च के पंजीबद्ध किये गये। जप्त किये गये लहान तथा मदिरा की अनुमानित राशि लगभग 1 लाख 47 हजार 750 रूपये है। इस दौरान मौके पर महुआ लाहन का सैंपल लिया जाकर नष्ट किया गया।

13 जून से पटरियों पर दौड़ेगी पुरी बीकानेर साप्ताहिक एक्सेप्रस

कटनी। कोरोना संक्रमण में कमी आने के बाद अब रेलवे द्वारा लंबी दूरी की ट्रेनों का परिचालन बहाल किया जाने लगा है। पिछले दिनों चित्रकूट एक्सप्रेस और इटारसी प्रयागराज एक्सप्रेस को चलाए जाने की घोषणा के बाद अब बीकानेर से कटनी मुड़वारा होकर पुरी तक जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन के संचालन का निर्णय लिया गया है। उत्तर मध्य रेल मुख्यालय द्वारा ट्रेन के परिचालन के साथ ही समय सारिणी भी जारी की गई है। जानकारी के मुताबिक गाड़ी संख्या 04709 बीकानेर पुरी साप्ताहिक एक्सप्रेस 13 जून से पटरियों पर दौड़ेगी। यह गाड़ी प्रत्येक सोमवार को अपरान्ह 3 बजकर 40 मिनट पर कटनी मुड़वारा आएगी और 3 बजकर 50 मिनट पर आगे के लिए रवाना होगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 04710 पुरी बीकानेर साप्ताहिक एक्सप्रेस आगामी 16 जून से प्रत्येक बुधवार को रात्रि 11 बजकर 20 मिनट पर कटनी मुड़वारा आएगी और 11 बजकर 30 मिनट पर आगे के लिए रवाना होगी। इस गाड़ी के संचालन से यात्रियों को कटनी से शहडोल होते हुए पुरी और दमोह सागर होते हुए बीकानेर की सुविधा मिलेगी।

यशभारत हैल्पलाइन

अखबार की प्रति के लिए फोन करें– 230033

किराए से देना है

बस स्टैंड से 500 मीटर मैहर रोड पर चौरसिया मैरिज गार्डन के ठीक सामने 17×40 की दुकान किराये पर उपलब्ध हैं।

संपर्क करें- 9424849034, 7052191771,9425155542

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)